

# वायुसेना स्टेशन के इक्विपमेंट डिपो ने स्वच्छता अभियान चलाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सामुदायिक कल्याण और पर्यावरण की स्वच्छता के लिए अपनी प्रतिबद्धता के तहत वायुसेना स्टेशन के इक्विपमेंट डिपो ने अपने गोद लिए गए गांव केम्पापुरा में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया।

अभियान की शुरुआत एक अक्टूबर को सरकारी प्राथमिक विद्यालय में सार्वजनिक कार्यशाला के साथ हुई, जहां लोगों को स्वच्छता के महत्त्व और सफाई के उचित तौर-तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।

जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए डिपो ने छात्रों के लिए पोस्टर-मेकिंग और ड्राइंग/पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों को शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। दो अक्टूबर को स्वच्छता दिवस के अवसर पर एयर ऑफिसर कमांडिंग, एयर कमोडोर मनोज कुमार के नेतृत्व में डिपो के कार्मिकों ने बेलंदूर झील पर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया। उनके अथक प्रयासों से झील का कायाकल्प हो गया। अभियान का समापन एओसी द्वारा सभी डिपो कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाए जाने के साथ हुआ। इक्विपमेंट डिपो की इस पहल ने क्षेत्र की स्वच्छता में योगदान देने के साथ सामुदायिक सहभागिता का उदाहरण पेश किया।

## अमावस्या अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के श्रीगुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक के सदस्यों ने मैसूरु बैंक के पास 80वां अन्नदान का आयोजन किया जिसमें साढ़े चार हचार से अधिक लोगों ने भोजन किया। इस मौके पर चेयरमैन ज्ञौतमचंद धारीवाल ने कहा कि अन्नदान को हमेशा सबसे बड़ा दान माना जाता है, क्योंकि कोई भी अन्य वस्तु मनुष्य को भोजन के समान संतुष्टि नहीं देती। उन्होंने बताया कि अन्नदान महादान, सोना चांदी आधा दान सरीखे कोटेशन भी आजकल ज्यादा प्रचलन में हैं। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष किरणचंद बोहरा ने कहा कि अन्न को ब्रह्म का स्वरूप माना गया है। अन्नदान की महत्ता को एक भारतीय से ज्यादा और कोई नहीं समझ सकता। अन्नदान में कोषाध्यक्ष मनोहरलाल बाफना, उपाध्यक्ष अशोकचंद कोठारी, महामंत्री उगमराज चोपड़ा, सहमंत्री महेंद्र मेहता, मार्गदर्शक प्रकाशचंद ओस्तवाल, प्रकाशचंद बाफना, उत्तमचंद मुथा सहित अनेक सदस्यों ने सेवाएं दी।

## पर्यटक सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मैसूर में जननी ट्रस्ट द्वारा मैसूर में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मैसूर राजमहल मे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का सम्मान कर मैसूर पाक खिलाकर उनका स्वागत किया। पर्यटकों को मैसूर के इतिहास से पर्यटकों को अवगत कराया गया। इस मौक़े पर राज्य महिला आयोग की चेयरमैन नागलक्ष्मी, मैसूर पैलेस बोर्ड के उपनिदेशक सुब्रह्मण्यम, जननी ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोककुमार, रोटरी मैसूर के सहसचिव गौतम सालेचा आदि उपस्थित थे।

## अमावस्या गौसेवा



बेंगलूरु के बारह दोस्तों का समूह 'जैन केयर ग्रुप' ने अमावस्या के मौके पर गौशाला में ताज़ी रोटियां बनवाकर गायों को खिलाई तथा कबूतरों को चुग्गा, कुत्तों को रोटी व बिस्कुट खिलाए। इस ग्रुप के सोनू छाजेड़, चेतनप्रकाश झारमुथा, सम्पतिराज चाण्डोदिया, राकेश दांतेवाड़िया, ललित छाजेड़, मनोज गुलेछा, ज्ञानचंद कटारिया, कमल डंक, अनिल भंडारी, संजयकुमार, रंजीत भंसाली, विकाश भलगत, सुरेश डुंगरवाल,मुकेश नाहर ने जीवदया के कार्य किए ।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
बिकाऊ
FLATS FOR SALE
PURVA BLUBELLE
Adjacent to **Magadi road Metro station**
Rajajinagar Centre of the City
3 bedroom & Exclusive 5 bedroom Flats + servant room with all luxurious Amenities,
Contact : 9844027560

# डोभाल ने फ्रांस के विदेश मंत्री से मुलाकात की, पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की

पेरिस/भाषा। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को यहां फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट से मुलाकात की और यूरोप तथा पश्चिम एशिया में जारी युद्धों पर अपने विचार साझा किए। फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट के साथ बैठक के बाद एनएसए अजीत डोभाल की यात्रा संपन्न हुई। यूरोप और पश्चिम एशिया में जारी युद्धों पर विचार साझा किए।'' पिछले महीने रूस की यात्रा के दौरान डोभाल ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। डोभाल की रूस यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन की यात्रा के लगभग 15 दिन बाद हुई थी। डोभाल ने मंगलवार को इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की थी। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने बुधवार को सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया और कहा कि ऐसा न हो कि यह संघर्ष पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले ले। भारत ने यह टिप्पणी तब की है जब एक दिन पहले ईरान ने इजराइल द्वारा हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला तथा आतंकवादी समूह के अन्य कमांडरों की हत्या के जवाब में यहूदी देश पर करीब 200 मिसाइलें दागीं।

## अन्नदान सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के विजयनगर स्थानक भवन में विराजित साध्वीश्री सुधाकंवरजी के सान्निध्य में तपस्वी वेणीचंदजी म.सा. के अभिग्रह पूर्ति समारोह पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तहत अन्नदान किया गया। संघ के अध्यक्ष आनंद नाहर, मंत्री कन्हैयालाल सुराणा, कोषाध्यक्ष सुरेशचंद खाब्या, वरिष्ठ श्रावक घेवरचंद कटारिया, धर्मीचंद हिंगड़, वसंतकुमार रांका, राजेन्द्रकुमार कोठारी आदि ने अन्नदान सेवा में भाग लिया। इस मौके पर पुखराज, पारसमल मेहता का सम्मान किया गया। युवा संघ के अध्यक्ष शंकरलाल दक, उपाध्यक्ष मुकेश भंडारी, मंत्री महावीर गुगलिया, संयोजक सुरेन्द्र गुंदेचा आदि युवकों ने सेवाएं प्रदान की।



# साधक अपनी आत्म-उन्नति का लक्ष्य रखें : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में साध्वी धर्मप्रभाजी ने कहा कि साधक को हमेशा तीन मनोरथ का चिंतन श्रावक सदगृहस्य को प्रतिदिन करना चाहिए। हमारी आत्मा की किस प्रकार उन्नति हो, कैसे हमारा आत्म कल्याण समाधिमरण की प्राप्ति हो। तीर्थकर वीतराग महापुरुषों ने कहा है कि जिसका अंत समय मरण सुधर गया ऐसे आत्माएं पण्डितमरण-समाधि मरण को प्राप्त कर उत्कृष्ट सात या आठ भव में जीव को मुक्ति मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। उन्होंने गुजरात-सौराष्ट्र के राजा कुमारपाल के महामात्य महामंत्री उदायन मेहता के संघर्षपूर्ण जीवन की घटना का रोचक आख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे ज्ञान-निधान बुद्धि के सागर थे, जिन्होंने अपने आध्यात्मिक सामाजिक और राजनैतिक जीवन तीनों क्षेत्रों में अपने प्रबल पुरुषार्थ, धर्म देव,गुरु, धर्म पर अटल आस्था रखने से तीनों क्षेत्रों में सफलता के अभिनव शिखर को हुआ्। उन्होंने विश्व कल्याण की भावना के लिए एवं साधक के बोधिरत्न की प्राप्ति के लिए शयन से पूर्व नवकार महामंत्र की पांच माला का जाप करने का संकल्प धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालओं को करवाया।

प्रारंभ में साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी म.सा. ने भगवान महावीर की अंतिम देशना श्री उत्तराध्ययन सूत्र के पांचवें अध्ययन पर अकाम मरण और सकाम मरण पर सारगर्भित विशद् विवेचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि जो उपशम भावों के साथ अपनी कषाय आदि को शांत करता हुआ समता भावों के साथ अपने जीवन के संध्याकाल में संलेखना - संभारा को धारण कर अपने मरण को सुधार कर अपने जीवन को सार्थक बना लेते हैं। ऐसे संयमी साधक अपने मृत्यु को भी महोत्सव रूप बना लेते हैं, और ऐसी संयमवत् जितेन्द्रिय, चारित्रशील साबक आत्मायें या तो संपूर्ण कर्मों का क्षम कर परम पद सुक्ति पद की प्राप्त करते हैं या फिर रिद्धि-सिद्धि हारख - भोग ऐश्वर्य से युक्त देवलोक के उत्तरोत्तर परम श्रेष्ठ स्थान को प्राप्त करते है।

उन्होंने कहाकि जैसे एक योद्धा ने रणभूमि में जाने से पूर्व अस्त्र-शस्त्र सहित, शत्रुओं के साथ लड़ते समय कैसे उन पर विजय प्राप्त करने एवं कैसे अपनी रण क्षेत्र में रक्षा करनी हैं्।

इस प्रकार की पूर्व तैयारी करने वाला योद्धा जैसे संग्राम - रणभूमि में जाने पर निश्चित भय मुक्त हो जाता है वैसे हि के भेद-विज्ञान को भी जो साधक अपने आत्मा समझते हुए नाशवान, क्षणभंगुर मरण बर्मा कि शरीर क्षणिक, हैं और आत्मा नित्य, शाश्वत, अजर- अमर हैं्। संचालन संघ मंत्री सुरेश कुमार धोका ने किया।



# धार्मिक मनुष्य हमेशा सहज, सरल, शांत, सहिष्णु होता है : आचार्य विमलसागरसूरी

## नजरबाद में बालकों और बड़ों के लिए हुए अनेक कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के नजरबाद स्थित बुध्दि वीर वाटिका में विशाल धर्मसभा को मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि धर्म को व्यापार और भोग-सुख का साधन नहीं बनाना चाहिए। धर्म तो आचरण की पवित्रता, विचारों की उत्कृष्टता और भावनाओं की गहराई का प्रतीक है। आज तो लोग अपने-अपने संप्रदाय के प्रतीकों की फेसवेल्यु को पकड़ कर बैठे हैं। उन्हें सही अर्थों में धार्मिक कैसे कहा जा सकता है ? इसीलिए धर्म का अनुयायी होना और धार्मिक होना, दोनों सर्वथा भिन्न बातें हैं्। धर्म के अनुयायी तो लकीर के फ़कीर होते हैं। वे संप्रदायों की कट्टरता में अंधे बने होते हैं। वे संख्या में लाखों-करोड़ों हो सकते हैं, लेकिन संख्या की अधिकता से वे सच्चे-अच्छे धार्मिक हैं, ऐसा कोई दवा नहीं किया जा सकता। धार्मिक मनुष्य तो सहज, सरल, शांत, सहिष्णु, सदाचारी, विवेकवान, समन्वयमूलक और सहयोगवृत्ति वाला होता है। ऐसे सच्चे-अच्छे धार्मिक व्यक्तियों की संख्या बहुत कम ही होती हैं्। बड़ी भीड़ या जमात न होने से दुनिया की नजरों में उनकी कोई उल्लेखनीय स्थिति नहीं बनती। ऐसे आध्यात्मिक धार्मिक लोगों को भौतिकता में रचपचा जमाना कोई कीमत भी नहीं देता। लेकिन यथार्थ में वहां धर्मतत्व की प्रतीति होती है। आज धर्म को स्वदर्शन के बजाय प्रदर्शन में लाया गया है। उसे बाजारू बना दिया गया है।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि हम भगवान को चाहते हैं या भगवान से कुछ चाहते हैं ? साधु-संतों को चाहते हैं या साधु-संतों से कुछ चाहते हैं ? यदि भगवान से कुछ चाहते हैं तो यह भक्ति नहीं, याचक वृत्ति है। भक्ति तो निष्काम भाव से समर्पण की भूमिका पर आध्यात्मिक उन्नति के लिये होती है। संसार के भोग-सुख मांगने के लिये मंदिर जाना तो मूर्खता है। आधुनिक युग में भक्तों की कमी स्पष्ट दिखाई देती है। जहां देखो वहां, हर आराध्य के चौखट पर याचक ही नज़र आते हैं्। इस प्रकार संसार के भोग-सुख मांगने वाला जीवन में कभी आध्यत्मिक उन्नति नहीं कर सकता। जो भौतिकता के दलदल में डूबा हो, वह आध्यत्मिक जगत का मूल्यांकन भी नहीं कर पाता। कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने बताया कि बुधवार को छोटे बालकों के लिए एकासना और टीन एजर्स के लिए आयंबिल तप के साथ मंत्रजाप का आयोजन हुआ्। आज कृष्णागिरी, दिल्ली, बेंगलूरु, पुणे, कोयम्बतूर और तिरुपुर से बड़ी मात्रा में भक्तजन धर्मसभा में उपस्थित थे। प्रवीण दांतेवाडिया ने बताया कि गुरुवार को नूतन माह के उपलक्ष्य में महामांगलिक, मंत्रजाप और ध्यान का आयोजन किया गया है।



## स्मार्ट बस स्टॉप

बेंगलूरु में बुधवार को अभिनव ऊर्जा समाधानों में अग्रणी, एल्प्रो एनर्जी डाइमेंशन्स द्वारा नृपतुंगा रोड पर एक अत्याधुनिक स्मार्ट बस स्टॉप का निर्माण किया गया। भारत का पहला स्मार्ट बस स्टॉप में महिलाओं के लिए सैनिटरी पैड, एआई निगरानी कैमरा और सुरक्षा के लिए पैनिक बटन उपलब्ध है। इसका उद्घाटन परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने किया। एल्प्रो एनर्जी के सीईओ रमेश सिंह भी उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## स्वास्थ्य जांच शिविर

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तेरापंथ युवक परिषद हनुमंतनगर द्वारा संचालित आचार्य श्री तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर, डेंटल एवं आई केयर में 15 दिवसीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के प्रायोजक नाथुलाल, महावीरकुमार बोल्या परिवार रहा जिनका तेयुप ने सम्मान किया। अध्यक्ष कमलेश झाबक व एटीडीसी प्रभारी गौतम खाब्या ने बताया कि इस शिविर 52 लोग लाभान्वित हुए्।



# राजेन्द्र भवन में यतींद्र जयंत ज्ञानपीठ परीक्षा सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के किल्लारी रोड स्थित गुरु राजेंद्र भवन में अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद द्वारा संचालित अभा श्री यतींद्र जयंत ज्ञानपीठ की परीक्षा संपन्न हुई। मांगीलाल वेदमुथा व अतिथियों द्वारा प्रश्न पेपर का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक प्रकाश हिराणी ने परीक्षा देने वालों को शुभकामनाएं दी। महिला परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रेमादेवी गांधीमुथा ने कहा ज्ञानपीठ पिछले कई वर्षो से ज्ञान के क्षेत्र में अनुमोदनीय कार्य कर रही है। दक्षिण प्रांतीय महामंत्री डूंगरमल चोपड़ा ने कहा देश भर के सौ केंद्र में करीब दो हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी गई।

स्थानीय केंद्राध्यक्ष एवं धार्मिक शिक्षा प्रचार मंत्री मांगीलाल वेदमुथा ने परीक्षा की जानकारी दी। इस अवसर पर बेंगलूरु शाखा अध्यक्ष हेमराज जैन, सचिव नेमीचंद संघवी, विक्रम सवाणी, निर्मल वेदमुथा, चंपालाल वेदमुथा, प्रकाश बालगोता सहित महिला सदस्य उपस्थित थे।




# गांधी जयंती मनाई और स्वच्छता पखवाड़ा पर आयोजित होंगे अनेक कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के यलहंका स्थित रेल पहिया कारखाने में महाप्रबंधक आर. राजगोपाल ने महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर राष्ट्रपित को पुष्पांजलि अर्पित की। राजगोपाल ने रेलवे कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर रेल व्हील फैक्ट्री में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े में कर्मचारियों द्वारा सफाई गतिविधियों की योजना बनाई गई है। स्वच्छ कार्यालय, स्वच्छ कार्यालय, स्वच्छ कॉलोनियां और परिसर, स्वच्छ आहार, स्वच्छ नीर, स्वच्छ पोषण और पर्यावरण जैसी सफाई गतिविधियों के लिए एक कैलेंडर तैयार किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यालय और कॉलोनियों के सभी क्षेत्रों में सफाई हो।

स्वच्छता, सफाई और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वच्छता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। पखवाड़े के दौरान आरडब्ल्यूएफ एक एनजीओ से-ट्रीज के साथ मिलकर अपना पहला मियावाकी जंगल बनाने की योजना बनाई जा रही है, जो फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स और आईटीसी इन्फोटेक की एक सीएसआर गतिविधि भी है। इस उद्देश्य के लिए खरपतवार से भरी लगभग डेढ़ एकड़ जमीन को साफ किया गया। इस स्थान पर 18,000 पेड़ लगाए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में 7,000 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।

